19.21 hrs.

MR. SPEAKER: The matters under Rule 377 may be treated as laid on the Table of the House.

- - - - -

Title: Need to set up more TV transmitting centres in the country specially in Mandsaur and Neemach Districts of Madhya Pradesh- Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): अध्यक्ष महोदय, संचार माध्यमों का देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण स्थान है। इनमें आकाशवाणी और दूरदर्शन अपना एक विशो महत्व रखते हैं। यद्यपि पिछले वार्ो में दूरदर्शन का काफी विस्तार हुआ है तथापि आज भी देश में कतिपय ऐसे स्थान हैं, जो उस सुविधा से सीधे लाभ नहीं प्राप्त कर रहे हैं। अतः यह आवश्यक है कि ऐसे प्रसारण क्षेत्रों या केन्द्रों की क्षमता का विस्तार किया जावे तथा कुछ अन्य स्थानों पर प्रसारण केन्द्र बनाये जाये। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश ऐसे राज्य हैं जहां उक्त दूरदर्शन की सुविधा से कई सुदूरवर्ती क्षेत्र वंचित हैं।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के सुवासरा तथा नीमच जिले के जावद क्षेत्र के जावद व सिंगौली में प्रसारण केन्द्र खोले जावे ताकि वहां की जनता इन सुविधाओं का लाभ ले सके व देश की प्रगति के साथ दुनिया भर के बारे में सीधे जान सके। मेरा सूचना प्रसारण मंत्री जी से निवेदन है कि वे एतदर्थ आवश्यक निर्देश प्रदान करें।

***Treated as Laid on the Table of the House.**